शुक्रवार 28 जुलाई 2023

डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स

आपकी आवाज





बिना लाइसेंस के नहीं निकलेगा मुहर्रम का जुलूस, रूट चार्ट का करें सत्यापन: डीआईजी






मोदी सरकार का बड़ा कदमः छोटी गड़बड़ी के मामले में अपराध की सजा को किया जाएगा कम

# जन विश्वास बिल को लोकसभा से मंजूरी

- कारोबार में सुगमता लाने के लिए तैयार किया गया है बिल
- विधेयक के तहत कुछ अधिनियमों में कारावास की सजा को हटाकर अर्थ दंड लगाकर सजा से मुक्त करने का प्रावधान



**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद में मणिपुर पर चल रहे हंगामे के बीच लोकसभा से जन विश्वास बिल पारित हो गया है। इस बिल को कैबिनेट ने मंजूरी थी, जिसके बाद इसे लोकसभा में पेश किया गया। इसके जरिए कारोबारियों को राहत देने की तैयारी है। इससे कई अधिनियमों में बदलाव होगा और छोटी गड़बड़ी के मामले में अपराध की सजा को कम कर दिया जाएगा। यानी जिन गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी में रखा गया था, उन्हें अब जुर्माने तक ही सीमित किया जाएगा। इस बिल को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग के लिए काफी अहम माना जा रहा है।

जन विश्वास बिल को मोदी सरकार ने पिछले साल यानी 2022 में लोकसभा में पेश किया था. बाद में इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया था। इस बिल को लेकर कई मंत्रालयों और कानूनी मामलों के विभागों से चर्चा हुई थी। समिति ने सरकार से कहा था कि इसमें संशोधन करने चाहिए और कई चीजों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना चाहिए. जिससे कोर्ट में लंबित पड़े लाखों मामलों में कमी आए।

## जेल नहीं, जुर्माना देना होगा

संसदीय समिति ने इस बिल के जरिए 19 मंत्रालयों से जुड़े करीब 42 अधिनियमों के 183 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव दिया था। जिनमें वित्त मंत्रालय से लेकर सड़क परिवहन, कृषि, सूचना एवं प्रौद्योगिकी और अन्य कई मंत्रालय शामिल हैं। इन मंत्रालयों के तहत आने वाले कई अपराधों को अपराध की श्रेणी से हटाकर जुमार्ने तक सीमित कर दिया जाएगा। इससे कोर्ट-कचहरी की झंझट से मुक्ति मिलेगी, वहीं बिजनेस करना भी आसान हो जाएगा।

बिल को लोकसभा के बाद अब राज्यसभा में पेश किया जाएगा। सरकार इसी मानसून सत्र में इसे पारित करना चाहती है। बिल में जिन अपराधों को जुर्माने में तब्दील किया जाएगा, उनमें पहले के मुकाबले जुर्माना कई गुना बढ़ जाएगा। यानी जिस अपराध में तीन साल की सजा और 5 हजार रुपये का जुर्माना लगता था, उसमें 8 लाख तक का जुर्माना वसूला जा सकता है। इसी तरह बाकी अपराधों को लेकर भी लाखों रुपये के जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। इस बिल के लागू होने के बाद जेलों में कैदियों की संख्या कम होगी।

## तैयारी: अब बर्थ सर्टिफिकेट ही होगा सिंगल डॉक्यूमेंट मोदी सरकार ने लोकसभा में पेश किया नया बिल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्र की मोदी सरकार ने डिजिटल युग में एक और बड़ा कदम उठाया है। मोदी सरकार की ओर से लोकसभा में रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ एंड डेथ बिल 2023 पेश किया है। इस बिल के कानून बनने के बाद बर्थ सर्टिफिकेट को सिंगल डॉक्यूमेंट की तरह इस्तेमाल किया जा सकेगा यानी केवल बर्थ सर्टिफिकेट का इस्तेमाल कई झंझटों से मुक्ति दिलाएगा। जैसे शिक्षण संस्थानों में प्रवेश, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मैरिज रजिस्ट्रेशन या फिर सरकारी नियुक्तियां हो सभी कामों के लिए बर्थ सर्टिफिकेट ऑल इन वन डॉक्यूमेंट की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि, कांग्रेस ने इस बिल का विरोध किया है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ एंड डेथ बिल 2023 पेश किया। इस बिल में जन्म व मृत्यु के डिजिटल रजिस्ट्रेशन के साथ ही देश और प्रदेश स्तर पर जन्म और मृत्यु का डेटाबेस तैयार करने का प्रावधान है। इसकी मदद से बाकी डेटाबेस को अपडेट करने में मदद मिलेगी। अगर ये कानून बनता है तो बिल 1969 के रजिस्ट्रेशन ऑफ बर्थ एंड डेथ कानून को संशोधित करेगा।

### सरकार ने बताया बिल से क्या होगा फायदा?

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि रजिस्टर्ड बर्थ और डेथ के डेटाबेस को अन्य सेवाओं से जुड़े डेटाबेस तैयार करने और अपडेट करने में यूज कर सकते हैं। इसकी मदद से राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर, इलेक्टोरल रोल्स, आधार नंबर, राशन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन और अन्य सभी नेशनल डेटाबेस को मेंटेन किया जा सकता है।

**ये होगा फायदा:** इसके कानून बनने के बाद किसी भी शैक्षणिक संस्थान में दाखिले, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, मतदाता सूची तैयार करने, केंद्र-राज्य सरकार में पदों पर नियुक्ति को लेकर जन्म प्रमाणपत्र को एक ही दस्तावेज के रूप में प्रयोग किया जा सकेगा।

**कांग्रेस ने किया विरोध:** वहीं, बिल के विरोध में कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा बिल से निजता के अधिकार का उल्लंघन होगा। क्योंकि बर्थ रजिस्टर कराने के लिए पैरेंट्स का आधार नंबर देना होता है और राज्य को यह डेटा नेशनल डेटाबेस से शेयर करना पड़ेगा।

## कारनामे छिपाने के लिए विपक्ष ने बदला गठबंधन का नामः मोदी

**एजेंसी/सीकर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के सीकर पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस दौरान पीएम मोदी ने विपक्ष के गठबंधन इंडिया पर तीखा हमला बोला। पीएम ने कहा, विपक्ष ने गठबंधन का नाम इसलिए बदला ताकि कारनामे छिपा सकें। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस का मतलब लूट का बाजार है। कहा, कि राजस्थान में दलितों पर अत्याचार चरम पर है। नशे का कारोबार फल-फूल रहा है। हमारे तीज-त्योहारों पर खतरा मंडराता रहा है। कब पत्थर चलने लगे, कब गोलियां चले, कब कर्फ्यू लग जाए, कोई नहीं जानता।

राजस्थान के लोग बहन-बेटियों के साथ अत्याचार नहीं सह सकते। किसी दलित बहन के साथ उसके पति के सामने गैंगरेप होता है। आरोपी वीडियो बनाते हैं, पुलिस शिकायत नहीं लिखती। छोटी-छोटी बच्चियां और स्कूलों में पढ़ाने वाली टीचर तक सुरक्षित नहीं है। कार्रवाई करने के बजाय कांग्रेस नेता पीड़िता महिलाओं पर ही झूठ बोलने का आरोप लगाते हैं।



### किसानों के खाते में भेजी सम्मान निधि की राशि

प्रधानमंत्री मोदी ने सीकर में देश के 9 करोड़ किसानों को सम्मान निधि भी जारी की। कहा कि आज यहां से देश के करोड़ों किसानों के पीएम किसान सम्मान निधि के लगभग 18,000 करोड़ सीधे उनके बैंक खाते में जमा हुए हैं। आज देश में 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्रों की शुरूआत की गई है। गांव और ब्लॉक लेवल पर बने इन केंद्रो से करोड़ों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। पीएम ने कहा, हमारी सरकार देश के किसान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कहा आज देश में यूरिया की जो बोरी 266 में देते हैं, वही बोरी पाकिस्तान में करीब 800 में, बांग्लादेश में 720 और चीन में 2100 की मिलती है।

## कटिहार की घटना पर जदयू के मंत्री बोले... कोई बदमाशी करेगा तो पुलिस क्या करेगी

**केटी न्यूज/पटना**

कटिहार के बारसोई में गोली लगने से मौत के मामले में सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू की प्रतिक्रिया आई है। बिहार सरकार में ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने गुरुवार को कहा कि कोई बदमाशी करेगा तो पुलिस क्या करेगी? लाठीचार्ज और गोली तो चलती है। जिनकी मृत्यु हुई है उनके परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा इस पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि देखा जाएगा।

ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। एक सवाल पर कि कहा जा रहा है कि ये सरकार आरजेडी के साथ जाकर जंगलराज बना रही है इस पर बिजेंद्र यादव ने कहा कि मणिपुर में कौन सा भगवान का राज है? मणिपुर में क्या हो रहा है? यूपी में क्या हुआ? जिसे कोर्ट में लाया गया उसी को मार दिया गया। अपना नहीं देखते हैं लोग और दूसरे पर आरोप लगाते हैं। नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग के सवाल पर कहा कि मणिपुर में मुख्यमंत्री ने क्यों नहीं इस्तीफा दिया? विपक्ष का काम है विरोध करना।

### घटना को जायज ठहराना शर्मनाक: सुशील मोदी

पूर्व उपमुख्यमंत्री भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कटिहार में बिजली की मांग करने वालों पर गोली चलाने की घटना की निंदा की है। गुरुवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि इस घटना को जायज ठहराना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि पुलिस की गोली से मारे गए लोगों के आश्रितों को 10-10 लाख मुआवजा दिया जाए। पूरे मामले की न्यायिक जांच करायी जाए और दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित किया जाए। सरकार को कटिहार गोली कांड की जिम्मेवारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के समय ग्रामीण क्षेत्रों को 18 से 20 घंटे तक बिजली मिलती थी। उन्होंने दावा किया कि आज मात्र चार घंटे बिजली मयस्सर होती है, जिससे ग्रामीणों में व्यापक रोष है। राज्य सरकार अपना घाटा कम रखने के लिए खुले बाजार से बिजली नहीं खरीद रही है, जिसकी मार जनता पर पड़ रही है।

सांप्रदायिक सौहार्द के मद्देनजर लिया गया फैसला

## दरभंगा में 30 जुलाई की शाम तक कई सोशल नेटवर्किंग साइट पर बैन

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के दरभंगा में आज गुरुवार की शाम चार बजे से 30 जुलाई की शाम चार बजे तक कई सोशल नेटवर्किंग साइट को बैन किया गया है। गुरुवार को जिला जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक ने आदेश जारी किया है। बताया गया है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दरभंगा में सामाजिक सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। इसके मद्देनजर बिहार सरकार द्वारा इंडियन टेलीग्राफ एक्ट 1885 की धारा-5 के तहत जिले में 27 जुलाई की शाम चार बजे से 30 जुलाई की शाम चार बजे तक सोशल नेटवर्किंग साइट को स्थगित किया गया है।

### दरभंगा में लगातार दो समुदायों के बीच तनाव

बता दें कि मुहर्रम शुरू होते ही दरभंगा में लगातार दो समुदायों के बीच तनाव चल रहा है। जिला प्रशासन की ओर से एक जगह मामले को शांत कराया जाता है कि दूसरी जगह मामला भड़क जाता है। पहली घटना 21 जुलाई की रात की है। बिरौल थाना क्षेत्र में मुहर्रम का झंडा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। दूसरी बार तनाव 23 जुलाई को देखने को मिला था। रविवार को दिन के 12 बजे मब्बी थाना क्षेत्र के शिवधारा चौक पर मंदिर के सामने मुहर्रम का झंडा लगाने को लेकर पत्थरबाजी हुई थी।




बिहार सरकार ने बेटियों को दिया तोहफा, यह नियम केवल सरकारी कॉलेजों में ही होगा लागू

# मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज में लड़कियों के लिए 33% सीटें आरक्षित

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार ने इस सत्र से राज्य के सभी मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेज में लड़कियों के लिए 33 फीसदी सीट को आरक्षित कर दिया है। फिलहाल यह नियम केवल सरकारी कॉलेजों में ही लागू होंगी। इसके लिए बीसीईसीबी ने 24 जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कम च्चाइस फिलिंग करवा लिया है। बीसीईसीबी के ओएसडी अनिल कुमार ने कहा कि केंद्रीय कोटे के तहत 15 प्रतिशत सीटों को छोड़कर बिहार में सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और डेंटल की 1150 सीटें हैं। यानी, छात्राओं के लिए 380 सीटें आरक्षित रहेंगी। केंद्रीय कोटे से नामांकन समाप्त होने के बाद स्टेट कोटे से



एमबीबीएस में एडमिशन होगा। वहीं इंजीनियरिंग कॉलेज के सीट में 2810 बढ़ी हैं। यानी अब सीटों की संख्या 13675 हो गई है। इनमें 4500 छात्राओं के लिए सीट आरक्षित है। इंजीनियरिंग में एडमिशन प्रक्रिया इसी सप्ताह से शुरू हो जाएगी।

### दो साल पहले सीएम नीतीश कुमार ने किया था एलान

दो साल पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एलान करते हुए कहा था कि बिहार के इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों की कम से कम 33% सीटें लड़कियों के लिए रिजर्व हों। मुख्यमंत्री ने कहा था कि बिहार इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेजों में नामांकन में न्यूनतम एक तिहाई सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित करने से इन कॉलेजों में छात्राओं की संख्या और बढ़ेगी। यह यूनिक चीज होगी। इससे छात्राएं उच्च और तकनीकी शिक्षा की ओर और ज्यादा प्रेरित होंगी। उनके अनुसार, राज्य के सभी जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं। कई मेडिकल कॉलेज भी खोले गए हैं। सीएम ने कहा था कि हमारा उद्देश्य है कि इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए बिहार के बच्चे एवं बच्चियों को बाहर नहीं जाना पड़े।

### 33 फीसदी आरक्षण लागू होने से पहले ऐसी थी व्यवस्था

अनुसूचित जाति-16%, अनुसूचित जनजाति -1%, अत्यंत पिछड़ा वर्ग -18%, पिछड़ा वर्ग -12%, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग -10%, दिव्यांग -5 %, आरक्षित वर्ग की महिला - 3 %, बिहार में अभी नौकरियों में लड़की/महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण।



### मुहर्रम की तैयारी को लेकर डीआईजी ने भोजपुर व बक्सर के अफसरों के साथ की बैठक

# बिना लाइसेंस के नहीं निकलेगा मुहर्रम का जुलूस, रूट चार्ट का करें सत्यापन: डीआईजी

**केटी न्यूज/आरा**

मुहर्रम के अवसर पर जिले में गड़बड़ी फैलाने वालों की अब खैर नहीं होगी। इसके लिए पुलिस की सोशल मीडिया और अफवाह फैलाने पर खासी नजर है। इस क्रम में शाहाबाद रेंज डीआइजी नवीन चंद्र झा ने भोजपुर और बक्सर के अफसरों को खास टास्क दिया गया है। डीआईजी गुरुवार को आरा पहुंचे भोजपुर और बक्सर के अफसरों संग बैठक की। उसमें मुहर्रम को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गयी। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि बिना लाइसेंस के जुलूस नहीं निकलेगा। अफसरों की ओर से रूट आदि के सत्यापन के बाद ही लाइसेंस दिया जाएगा। कहा कि डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उस बावत उनके द्वारा सभी अफसरों को डीजे संचालकों को नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिया गया।

डीआईजी ने गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई करने और बांड डाउन कराने का आदेश भी जारी किया गया। साथ ही जुलूस की संख्या का सत्यापन और पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति का भी आदेश दिया। मुहर्रम के अवसर पर शांति और विधि-व्यवस्था बहाल रखने को लेकर डीआईजी का पूरा फोकस सोशल मीडिया और अफवाह पर रहा है। उन्होंने कहा कि



■ गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई और बांड डाउन कराने का दिया निर्देश

सोशल मीडिया और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखनी होगी। उसके लिए सूचना तंत्र को ही मजबूत करने पर जोर दिया। कहा कि लगातार पेट्रोलिंग करते रहें और अलर्ट रहें। किसी भी तरह की सूचना मिलने पर वरीय अफसर द्वारा तत्काल उसका सत्यापन कराकर कार्रवाई की जाये। डीआईजी द्वारा बैठक क्राइम कंट्रोल, अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई और कांडों के निष्पादन में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। उसके पहले आरा पहुंचने पर डीआइजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समीक्षा बैठक में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव, एएसपी चंद्रप्रकाश, पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह, जगदीशपुर एसडीपीओ के अलावे बक्सर के दो दोनों अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य इंस्पेक्टर और थानेदार उपस्थित थे।

## कांडों के निष्पादन और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई में लाएं तेजी: एसपी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में क्राइम कंट्रोल करने और अपराधियों पर नकेल कसने को लेकर एसपी ने पुलिसिंग को चुस्त-दुरुस्त और सुदृढ़ किया जा रहा है। खासकर चौकीदारी व्यवस्था को प्रमोट किया जा रहा है। उसके तहत एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा लगातार थानों का निरीक्षण और चौकीदारों को मोटिवेट किया जा रहा है। प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर काम करने वाले चौकीदारों को सम्मानित भी किया जा रहा है। एसपी द्वारा ने को करनामेपुर ओपी का निरीक्षण किया गया। उस दौरान कांडों की समीक्षा की गयी और फाइलों का अवलोकन किया गया। एसपी ने अपराध नियंत्रण खो लेकर अफसरों कांडों के निष्पादन और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया। वहीं चौकीदारों को अपराधियों व अभियुक्तों की सूचना देने और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई को तेज करने का टास्क दिया। कहा कि जमीन विवाद सहित अन्य किसी तनाव की स्थिति में त्वरित रूप से थानाध्यक्ष और अन्य सीनियर अफसरों को सूचना दें। ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। एसपी द्वारा मौके पर बेहतर कार्य करने वाले चौकीदार गणपत कुमार को गमछा देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले चरपोखरी थाने के निरीक्षण के दौरान भी एसपी द्वारा सराहनीय काम करने वाले चौकीदार छोटे लाल को सम्मानित किया गया था। बता दें कि अपराधियों की धरपकड़ और क्राइम कंट्रोल करने को लेकर एसपी द्वारा लगातार थानों का निरीक्षण किया जा रहा है। महत्वपूर्ण निर्देश दिया जा रहा है। उसके अलावे रात में भी पेट्रोलिंग और पुलिस की गतिविधियों की जांच की जा रही है।

## सड़क हादसे में प. बंगाल निवासी किन्नर की मौत

**आरा।** जिले के टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा के पास आरा-पटना हाईवे पर गुरुवार की दोपहर सड़क हादसे में पश्चिम बंगाल निवासी एक किन्नर की मौत हो गयी। इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृत किन्नर पश्चिम बंगाल के मालदा जिला के कालिया चौक थाना क्षेत्र के सियापुर चासपाड़ा गांव निवासी नूर मोहम्मद की 38 वर्षीया पुत्री सोनू शेख उर्फ शीला थी। वह करीब डेढ़ वर्षो से आरा में रहती थी। वह एक बैंड पार्टी में डांसर थी और शादी-विवाह अन्य कार्यक्रमों में नाचती-गाती थी। इधर, किन्नर काजल ने बताया कि उन लोगों को कोईलवर थाने के जरिए सूचना मिला कि एक किन्नर सड़क हादसे में जख्मी हो गयी है। टाउन थाना की पुलिस द्वारा उसे सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर इलाज कराया जा रहा है। उस आधार वह अन्य साथियों के साथ सदर अस्पताल पहुंची। अस्पताल आने पर वह मृत अवस्था में पड़ी थी। उसके बाद फोन कर शीला के घर वालों को सूचना दी गयी। उसके बाद पुलिस की ओर से उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## अलीनगर पाली इमामबाड़े पहुंचकर अशोक चौधरी ने की सुख शांति की दुआ

**जहानाबाद।** जिले के काको प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अलीनगर पाली में आठ मुहर्रम को बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने अलीनगर पाली पहुंचकर इमामबाड़े में बत्ती रौशन किया। साथ ही साथ उन्होंने देश दुनिया में सुख-शांति की दुआ मांगी। अशोक चौधरी ने कहा कि हर साल में मोहर्रम में पाली आता हूं यह मेरा पाली से दिली लगाओ है।अशोक चौधरी ने बताया कि मुहर्रम पर्व बलिदान का पर्व है इस पर्व में सत्य की विजय हुई है और हमेशा सत्य का ही विजय होती है। बता दूं कि अशोक चौधरी सबसे पहले अलीनगर पाली निवासी सैयद सलमान हुसैन के आवास पर पहुंचे उसके बाद मोहर्रम पर्व की जानकारी ली।






## एएनएम कॉलेज की छात्राओं को कैंसर के प्रति किया जागरूक

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

विश्व सिर और गर्दन कैंसर दिवस पर भाभा कैंसर संस्थान के कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अर्पणा चित्रांश ने जीएनएम, एएनएम कॉलेज के छात्राओं को कैंसर के बारे में जागरूक किया।

इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष लाखों लोग गर्दन मुंह और सिर के कैंसर से पीड़ित होते हैं यह रोग वैश्विक चुनौती बनता जा रहा है। इससे निपटने के लिए सावधान रहने की जरूरत है शुरूआती दौर में कैंसर के पता लगने पर इसका इलाज किया जा सकता है और इसे जड़ से खत्म भी किया जा सकता है। मुंह के कैंसर के सामान्य लक्षण में मुंह में छाला, फोड़ा, फुंसी दो हफ्ते से ज्यादा दिनों से हो, खाना खाने में समस्या उत्पन्न हो रही हो, अचानक आवाज में परिवर्तन हो रहा हो, मुंह में उजला या लाल छाला दिखाई दे रहा हो या मुंह खुलना कम हो गया हो तो जल्द ही चिकित्सक से मिलना चाहिए। ये सभी कैंसर के प्रारंभिक लक्षण है। शुरूआत में ही सजग रहने पर इस जानलेवा बीमारी से बचा जा सकता है इस मौके पर जीएनएम एएनएम कॉलेज के छात्राएं मौजूद थी।

## नाली निकालने के विवाद में मारपीट व फायरिंग

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के हसन बाजार ओपी क्षेत्र के विदेशी टोला गांव में बुधवार की रात नाली निकालने के विवाद में दो भाइयों के बीच मारपीट हो गयी। उस दौरान एक भाई की ओर से फायरिंग भी की गयी। एक राउंड फायरिंग की बात सामने आ रही है। मारपीट व फायरिंग के दौरान में एक भाई की पत्नी जख्मी हो गई। जख्मी महिला विदेशी टोला निवासी रामाकांत चौधरी की 35 वर्षीया पत्नी सुगंधी देवी है। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। उसके पति रामाकांत चौधरी ने अपने छोटे भाई पर गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि पुलिस की जांच में महिला को हंसिया से चोट लगने की बात आयी है। उनहोंने बताया कि उनके चचेरे भाई राजेश्वर चौधरी ने उनके जमीन में नाली निकालने का दबाव बनाया जा रहा था। लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया था। उस बात को लेकर पिछले करीब पांच वर्षों से विवाद चला रहा है।

रामाकांत चौधरी ने बताया कि बुधवार की रात उनके चचेरे भाई राजेश्वर चौधरी और सदोहर भाई राम बचन चौधरी उन्हें मारने की बात कर रहे थे। तभी उनकी पत्नी सुगंधी देवी ने उनकी सुन ली थी। रात में वह काम से वापस लौटे और दरवाजे पर साइकिल लगा रहे थे। तभी उनके चचेरे भाई राजेश्वर चौधरी और सहोदर भाई राम बचन चौधरी द्वारा उन्हें बुलाया गया। उस पर वह उनके पास जा रहे थे। तभी उनकी पत्नी द्वारा उन्हें रोक लिया गया। कहने लगी कि मत जाइये, वरना वेलोग मार देंगे। उसी बीच उनके भाई राम बचन चौधरी की ओर से गोली चला दी गयी, जो उनकी पत्नी को गोली लग गयी। उसके बाद उसे इलाज के लिए पहले पीरो रेफरल और फिर सदर अस्पताल लाया गया। रामाकांत चौधरी द्वारा अपने भाई रामबचन चौधरी पर गोली मारने और चचेरे भाई राजेश्वर चौधरी पर ललकराने का आरोप लगाया गया है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और अपने स्तर से छानबीन शुरू कर दी।






## दिल्ली में सम्मानित किए गए अमित

**जहानाबाद।** नई दिल्ली स्थित विश्व युवा केंद्र में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम आजाद के पुण्यतिथि पर आयोजित कलाम यूथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस में जिले के निर्वाचन आईकॉन अमित कुमार बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इस कार्यक्रम में गोपाल राय, माननीय मंत्री, कुलपति राजीव गांधी विश्व विद्यालय अरुणाचल प्रदेश, डॉ साकेत कुशवाहा हीरो रंजन कुमार, बॉलीवुड एक्टर एवं 28 देशों से आए हुए अलग-अलग क्षेत्रों से कार्य करने वाले लोगों को विश्व युवा केंद्र हॉल में सम्मानित किया गया। बताते चलें कि अमित को यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य को लेकर पूर्व राष्ट्रपति के पुण्यतिथि अवसर पर दिया गया। उन्होंने बिहार के युवाओं से अपील किया कि पढ़ाई के साथ समाज में परिवर्तन लाने की एवं बिहार में एक विषय पर जो कि सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें एवं अन्य देशों से आए हुए प्रतिनिधि से भी अपील किया कि एक अच्छे राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका होती है व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े और भी युवाओं को प्रेरित करें।


## डॉ. कलाम के जीवन का एक-एक क्षण हम सब के लिए है अनुकरणीय: प्राचार्य

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

स्थानीय एसएन सिन्हा कॉलेज के भौतिकी विभाग में पूर्व राष्ट्रपति एवं ख्यातिलब्ध वैज्ञानिक मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार रजक, वित्तेक्षक डॉ. सुबोध कुमार झा, पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो. उमाशंकर सिंह, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. अख्तर रोमानी, डॉ. सिम्मी, डॉ. ज्योतिमार्या ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार रजक ने कहा कि डॉ. कलाम जैसी अनमोल विभूति किसी भी देश में जन्मा वह सूर्य है, जिसकी चमक से संपूर्ण विश्व अलौकिक होता है, जो धर्म, संस्कृति, जाति और उम्र की सीमाओं से परे है। समाज के हर वर्ग को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो. उमाशंकर सिंह ने कहा कि आज के दौर में कलाम साहब का जीवन और उनके विचार हमारे लिए मार्गदर्शक की भूमिका में हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की ओर कार्य करना चाहिए। महाविद्यालय के वित्तेक्षक डॉ. सुबोध कुमार झा ने कहा कि मिसाइलमैन कलाम ने पृथ्वी, अग्नि जैसी मिसाइलों को विकसित किया, जिसके परिणामस्वरूप हमारा देश सुरक्षा की दृष्टि से आत्मनिर्भर बना। वहीं दूसरी ओर उनकी आत्म कथात्मक पुस्तकें सदियों तक युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगी। उन्होने कहा था कि सपने वे नहीं जो हम सोते हुए देखते हैं, सपने वे हैं जो हमें सोने नहीं देते। जीवन के अंतिम क्षणों में भी वे एक सभा को संबोधित कर रहे थे।



### बिहार ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव ने औरंगाबाद सर्किल के अभियंताओं के साथ की बैठक

# डीएम ने किंजर से रघुनीचक पथ बनाने का दिया प्रस्ताव

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

बिहार ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल की अध्यक्षता में जिला अतिथि गृह में औरंगाबाद सर्किल के चारों डिवीजनों यथा- जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद एवं दाउद नगर के कार्यों की समीक्षा संबंधित अभियंताओं के साथ की गई। उक्त समीक्षात्मक बैठक में जिलाधिकारी रिची पाण्डेय उपस्थित थे।



जिलाधिकारी ने जहानाबाद जिले के विकास एवं सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के आवागमन को सुगम बनाने के उदेश्य से सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग के समक्ष कई पथों के मरम्मति के लिए प्रस्ताव रखा। जिलाधिकारी ने रतनी फरीदपुर प्रखंड अंतर्गत किंजर से रघुनीचक पथ बनाने के लिए प्रस्ताव दिया गया। साथ ही, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बराबर पथ बनाने का प्रस्ताव दिया गया, ताकि पर्यटकीय क्षेत्र का विकास हो सके। साथ हीं मखदुमपुर प्रखंड में नव निर्मित नवोदय विद्यालय के पहुंच पथ का भी प्रस्ताव रखा गया, ताकि विद्यालय में बच्चों के लिए चिकित्सा व्यवस्था, खाद्यान्न इत्यादि की व्यवस्था समुचित रूप से ससमय मुहैया हो सके। रघुनीचक, नवोदय विद्यालय पथ, मखदुमपुर से बराबर के पाताल गंगा तक के पथ सुदृढ़ीकरण के लिए सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा डीपीआर तैयार करने का निदेश दिया गया। बराबर पथ यदि आरसीडी को हस्तांतरित नहीं हुआ है तो ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पथ बनाने का निदेश दिया गया।

बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा की गई। जिसमें सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा इस योजना में कितने पथ लंबित है, कितने योजना पर कार्य चल रहा है तथा कितना योजना पूर्ण हुआ है, जिस पर विस्तार से जानकारी प्राप्त किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुछ पथ ऑन गोईंग है, जो माह अगस्त, 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। साथ ही, बताया कि कुछ स्थानों पर भूमि विवाद के कारण प्रगति धीमी है, जिसके लिए सचिव महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि संबंधित अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर अविलम्ब भूमि विवाद का निष्पादन कर कार्य पूर्ण कराया जाए।

# बोर्ड की बैठक: नप कार्यालय में आम जनता के लिए लगेगी शिकायत पत्र पेटी

- चेयरमैन सुनीता गुप्ता की अध्यक्षता में हुई डुमरांव नगर परिषद बोर्ड की पहली बैठक
- सर्व सहमति से सभी एजेंडों पर बोर्ड के सदस्यों के द्वारा मिली स्वीकृति

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव में विकास की नई लकीर खींचने की कवायद शुरू हो गई है। जल्द ही कई बदलाव धरातल पर उतरते दिखाई देंगे। गुरुवार को नवगठित डुमरांव नगर परिषद बोर्ड की पहली बैठक चेयरमैन सुनीता गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। नप के सभागार में आयोजित इस बैठक में पूर्व में लिये गए सभी एजेंडों पर आधे से अधिक पार्षदों ने सहमति प्रदान कर दी। इसमें मुख्य रूप से नगर परिषद् कार्यालय परिसर में आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए शिकायत पत्र पेटी लगाने, मुख्य बाजार में यूरिनल बनाए जाने। सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय की मरम्मती कराने। शहरी क्षेत्रों में फुटपाथी दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन बनाए जाने पर बोर्ड की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई।

इसके अलावा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों व मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, डुमरांव क्षेत्र में बंदरों से निजात दिलाने, मां काली पूजा, मां डुमरेजनी पूजा समेत अन्य पूजा को देखते हुए सड़कों की मरम्मती व खराब पड़े एलइडी लाइट को दुरुस्त करने के एजेंडों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही नए बने एक से 16 तक के वार्ड में नए सिर से मूलभूत सुविधाओं के शुरू करने पर भी सहमति बनी। वहीं क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए नए एंबुलेंस व शव वाहन की खरीदारी करने के एजेंडे पर भी पार्षदों ने अपनी सहमति प्रदान की।

बैठक की शुरुआत में ही वार्ड 11 के पार्षद उमेश गोस्वामी, वार्ड 31 की पार्षद चंद्रावती देवी, वार्ड 17 की पार्षद निर्मला देवी आदि ने बैठक को असंवैधानिक बताया तो वार्ड 18 की पार्षद अनु कुमारी ने अपने वार्ड में सड़कों पर उभरे गड्ढे, बंद पड़े लाइट और सफाई के मुद्दे को उछाला। इसी दौरान वार्ड 28 की पार्षद सुभद्रा देवी ने विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि नगरपालिका अधिनियम की धारा 35 का उल्लंघन कर इस बैठक को बुलाई गई है। धारा में स्पष्ट तौर पर वर्णित है कि बैठक की सूचना एक सप्ताह पूर्व पार्षदों को दी जाये लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया गया है। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध प्रसाद, उप चेयरमैन विकास ठाकुर, पार्षद शाहीना परवीन, विजय कुमार, प्रियंका चौरसिया, राजेश सिंह, कंचन सिन्हा, धीरेंद्र निराला, नीतू शर्मा, भागमनी देवी, संध्या देवी, मीरा देवी, अमर पासवान, पवन गोंड के अलावे प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, उप सहायक बजेंद्र राय सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### व्यवसायी तथा सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप राय ने जिला पार्षद की मां को अर्पित की श्रद्धांजलि



**डुमरांव।** जिले के चर्चित होटल व्यवसायी तथा सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप राय गुरूवार को चौगाईं के जिला पार्षद अरबिंद प्रताप शाही उर्फ बंटी शाही की मां के श्राद्धकर्म में पहुंच उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की। श्री राय ने जिला पार्षद को ढांढस बंधाया और कहा कि दुःख की घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं। बता दें कि हाल ही में बंटी शाही की मां शैल देवी का पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया था। गुरूवार को ही उनका श्राद्धकर्म था। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इसी श्राद्धकर्म में शामिल होने जिले के अग्रणी व्यवसायी प्रदीप राय भी आए थे। उन्होंने कहा कि समाज में एक दूसरे के सुख दुःख में सहभागी होना ही मानवता है।

### वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**केसठ।** शहर की तरह अब गांव में भी साफ-सफाई को प्राथमिकता दिया जा रही है। अधिकांश पंचायतों में डोर टू डोर कचरा का उठाव शुरू हो गया है। तो कई पंचायतों में वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण कार्य चल रहा है। गुरूवार को केसठ बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने कतिकनार पंचायत में निमार्णाधीन वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट भवन का शेड निर्माण का कार्य आधा अधूरा था वही ऐसे कई आवश्यक कार्य थे जो अधूरा छोड़ा गया था। उन्होंने मुखिया सहित ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द कार्य को पूरा करें। मौके पर पंचायत मुखिया छठु राम, बीसी राजीव रंजन, डीआरपी राकेश कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार, मनरेगा जेई विनोद कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का हुआ लाइव टेलीकास्ट, बताई गई यूरिया गोल्ड की अहमियत

**केसठ।** प्रखंड के नया बाजार केसठ में गुरुवार को कोरो मंडल इंटर नेशनल कंपनी द्वारा क्षेत्र के किसानों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राजस्थान में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जहां प्रधानमंत्री ने यूरिया गोल्ड-सल्फर लेपित यूरिया को लॉन्च किया। साथ ही बताया कि यूरिया गोल्ड सल्फर नीम-लेपित यूरिया की तुलना में अधिक किफायती और प्रभावी होगा। प्रधानमंत्री के लाइव टेलीकास्ट देखने को किसान उपस्थित रहे। इस मौके पर कंपनी साफ राम अवधेश सिंह, मेराजुदीन, भाजपा मंडल अध्यक्ष रतन राउत सहित क्षेत्र के सैकड़ों किसान मौजूद थे।

### बक्सर को सूखाग्रस्त घोषित करे सरकार : लोजपा


**बक्सर।** गुरूवार को लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी अखिलेश कुमार सिंह ने लोजपा रामविलास के शिष्टमंडल के साथ डुमरांव विधान सभा के आधा दर्जन गांव बेलहरी, पतरकोना, परसागंडा, आथर गांव का दौरा किया। किसान भाइयों से मिलकर धान रोपनी के बारे जाना। एक सुर में किसानों ने कहा कि बारिश नहीं हो रही है। नहरों का पानी भी सूख गया है। जिसके चलते खेत मे दरार पड़ गया है। धान का रोपा हुआ विचड़ा सूख रहा है। उन्होंने जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग जिला प्रशासन व राज्य सरकार से करते हुए किसानों को मुआवजा देने की मांग की।

## खबरें फटाफट

### तालाब में डूबने से किशोरी की मौत, अगले दिन मिला शव

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मुंगाव गांव में तालाब में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गई है। घटना बुधवार शाम की है। गुरूवार को सुबह तालाब में उसका शव उतराया मिला। तब जाकर परिजनों को इसकी जानकारी मिली कि डूबने से उसकी मौत हो गई है। मृतका कमलेश यादव की 16 वर्षीय पुत्री पुष्पा कुमारी है। जानकारी के अनुसार वह बुधवार की शाम गांव के दक्षिण बधार स्थित योगीवीर बाबा के पास एक खेत में धान की रोपनी कर रही थी। उसके पास में ही एक तालाब है। आशंका जताई जा रही है कि हाथ मुंह धोने के दौरान वह पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गई होगी। वही जब वह शाम तक घर नहीं आई तो परिजन उसकी खोजबीन शुरू कर दिए थे। पूरी रात परिजनों तथा ग्रामीणों द्वारा खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका था। वही सुबह में जब ग्रामीण शौच के लिए तालाब की तरफ गए तो उसमें एक किशोरी का शव उतराया देख गांव में इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही किशोरी के परिजन भी वहां पहुंचे तथा शव की शिनाख्त कर रोने बिलखने लगे।

### ट्यूशन पढ़ने गया किशोर लापता, परिजन परेशान



**केसठ।** केसठ दक्षिण डेरा से एक 14 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार किशोर 26 जुलाई को घर से नया बाजार ट्यूशन पढ़ने के लिए गया था। लेकिन देर शाम हो जाने के बाद भी किशोर घर नहीं आया। इस संबंध में किशोर के मामा सेठी यादव ने गुरुवार बताया कि मेरा भांजा विशाल कुमार बुधवार को घर से ट्यूशन पढ़ने केसठ नया बाजार स्थित कोचिंग में गया था। लेकिन लौट कर नहीं आया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका सुराग नहीं मिला है। किशोर के लापता हो जाने के कारण परिजन परेशान हैं।

## प्रताप सागर से गिरफ्तारी, हत्याकांड को अंजाम देने की फिराक में थे सभी

# अमित सिंह का शूटर समेत आधा दर्जन अपराधी गिरफ्तार, तीन कट्टा बरामद

- अमित सिंह के भूमिगत होने की स्थिति में शूटर सोनू महतो उसके सारे कार्यों को दे रहा था अंजाम

**केटी न्यूज/बक्सर**

बुधवार की रात एनएच 922 पर स्थित प्रतापसागर में किसी हत्याकांड को अंजाम देने के लिए जुटे कुख्यात अमित सिंह के शॉर्प शूटर समेत आधा दर्जन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तीन कट्टा तथा 4 गोली बरामद हुई है। आवश्यक पूछताछ के बाद गुरूवार को उन्हें जेल भेज दिया गया। एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी है। गिरफ्तार अपराधियों में सोनू महतो पिता दिवाकर महतो भी शामिल है।



गिरफ्तार अपराधियों के बारे में जानकारी देते बक्सर एसपी मनीष कुमार।



हथियार के साथ अमन यादव

बताया जा रहा है कि वह इनामी अपराधी अमित सिंह का शार्प शूटर है तथा उसके भूमिगत होने की स्थिति में उसके सारे कार्यों को अंजाम देता है। इसके अलावे प्रताप सागर निवासी अमन कुमार पिता सुरेश यादव, बक्सर के विराट सिंह पिता बिरेन्द्र सिंह तथा राजपुर थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव निवासी बटेश्वर सिंह के पुत्र अशोक सिंह तथा जितेन्द्र सिंह के दो पुत्र कृष्णा व ओमप्रकाश यादव शामिल है। सभी अमित सिंह गिरोह से ही जुड़े है तथा इनके पास से 3 कट्टा व 4 कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार अपराधियों में एक बैंक लूट कांड का आरोपी भी शामिल है। जबकि अन्य का अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इनकी गिरफ्तारी बुधवार की रात गुप्त सूचना पर की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतापसागर में कुख्यात अमित सिंह गिरोह के अपराधी किसी हत्याकांड को अंजाम देने के लिए जुटे है। इस सूचना पर नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी करवाई गई। जिसमें छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से तीन कट्टा व चार गोली भी बरामद हुई है। एसपी ने कहा कि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर एक बड़ी घटना को समय रहते टाल दिया है।

**50 हजार का इनामी अपराधी है अमित सिंह:** बता दें कि औद्योगिक थाना क्षेत्र के बड़की कोठिया गांव निवासी अमित सिंह जिले का दुर्दांत अपराधी है। वह हत्या व लूट जैसे दर्जनों संगीन वारदातों का आरोपी है तथा फिलहाल पुलिस की पकड़ से दूर चल रहा है। उस पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया है। सूत्रों की मानें तो वह भूमिगत रहकर अपने गिरोह का संचालन करता है। पिछले साल प्रताप सागर में लूट के दौरान हुए पेट्रोल पंप मैनेज हत्याकांड में भी इस गिरोह का नाम सामने आया था। इसके अलावे भी वह कई हत्याकांड को अंजाम दे चुका है।

**क्या कहते हैं एसपी:** प्रताप सागर में बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से तीन कट्टा व 4 गोली बरामद किए गए है। सभी अपराधी कुख्यात अमित सिंह गिरोह से ताल्लुक रखते है।

**– मनीष कुमार, एसपी बक्सर**

## बड़का गांव सब्बलपट्टी के युवक की रोहतास में मौत, पसरा मातम

- युवक माइक्रोफाइनेंस कंपनी में करता था काम, सड़क दुर्घटना में गई जान

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का गांव सब्बलपट्टी के एक युवक की रोहतास के काराकाट थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना बुधवार की शाम मोथा पैसरी बाल के समीप है। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही उसकी पत्नी संध्या देवी अपना मानसिक संतुलन खो बैठी है, जबकि बच्चों का भी रो रोकर बुरा हाल है।



मृतक अजय मिश्र उर्फ टिंकू मिश्र उम्र 42 वर्ष औरंगाबाद जिले के कैश पार माइक्रो क्रेडिट (गोह शाखा) में एबीएम के पद कार्यरत था। वह बुधवार को अपनी ड्यूटि करने के बाद शाम में अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मोथा पैसरी बाल के समीप यह दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों ने उसके परिजनों तथा स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची काराकाट थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करवाया। ग्रामीणों की मानें तो वह काफी मिलनसार प्रवृति का था तथा जब भी गांव आता था तो सबसे हिलमिलकर रहता था। यही कारण है कि उसकी मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

## बुधनपुरवा में एक घर पर अपराधियों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**बक्सर।** नगर थाना क्षेत्र के बुधनपुरवा मोहल्ले में दो की संख्या में अपराधियों एक घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग की। हालांकि इस हमले में किसी को गोली नहीं लगी। गृहस्वामी की सूचना पर पहुंची नगर थाने की पुलिस को घटना स्थल से कई खोखे मिले हैं। हालांकि अभी तक अपराधियों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इस संबंध में पीड़ित गृहस्वामी पहाड़ी सिंह ने दो अज्ञात अपराधियों के खिलाफ नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है। परिजनों की मानें तो दो दिन पहले उनका मामूली बात पर एक व्यक्ति से विवाद हुआ था। इस फायरिंग को इसी विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## मांगों के समर्थन में 13 जुलाई से ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं आशा कार्यकर्ता

# हड़ताली आशा कार्यकताओं ने अनुमंडलीय अस्पताल में जड़ा ताला, विरोध में लगाए नारे

**केटी न्यूज/डुमरांव**

### तालाबंदी से कुछ घंटो के लिए प्रभावित रहीं स्वास्थ्य सुविधाएं



पिछले एक पखवाड़े से अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चतकालीन हड़ताल पर डटी आशा कार्यकताओं और फैसिलिटेटरों ने अब अपने आंदोलन को तेज कर दिया है। गुरूवार को इसी कड़ी में आशा कार्यकताओं ने डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में ताला जड़ दिया। ताला जड़ने के बाद वे जोरदार नारे लगा रही थी। उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डा गिरिश सिंह के सामने अपनी मांगों को दुहराते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए तथा कहा कि जबतक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तबतक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

आशा कार्यकताओं के इस तेवर से अनुमंडलीय अस्पताल में कुछ घंटो के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हुई। बता दें कि अपने मानदेय को एक हजार से बढ़ाकर 10 हजार करने तथा राज्यकर्मी का दर्जा देने व पिछले आंदोलन के दौरान हड़ताली आशा कार्यकताओं पर किए गए केस को वापस लेने सहित अन्य मांगों के समर्थन में आशा कार्यकर्ता व फैसिलिटेटर 13 जुलाई से ही अनिश्चतकाली हड़ताल पर चले गए है। उनके हड़ताल पर चले जाने से नियमित टीकाकरण सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो रही है। वही उनका आंदोलन अब तेज होने लगा है। आशा कार्यकताओं ने कहा कि जल्दी ही वे जिले के सभी अस्पतालों में तालाबंदी कर सरकार को झुकने पर बाध्य कर देंगी। इस दौरान आशा कार्यकताओं ने अपनी एकता का प्रदर्शन भी किया।

# ऑनर किलिंग: पूर्व मंत्री के रिश्तेदार सहित सात लोगों पर लटकी तलवार

केटी न्यूज/बलिया

ऑनर किलिंग के एक मामले में अपर सत्र न्यायाधीश महेशचंद्र वर्मा की अदालत ने पूर्व मंत्री के रिश्तेदारों सहित सात आरोपियों को कोर्ट ने तलब किया है। न्यायालय के इस फरमान के बाद आरोपियों में हड़कंप की स्थिति है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पकड़ी थाना क्षेत्र के जेठवार गांव में युवक अजीत गोंड व युवती खुशबू राय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले में पुलिस पहले तो मुकदमा दर्ज नहीं कर ही थी, बाद में सीजेएम के आदेश के बाद एफआईआर दर्ज किया गया। इसके बावजूद भी पुलिस ने अजीत गोंड द्वारा खुशबू की हत्या करने के बाद स्वयं आत्महत्या का रंग दे दिया और एफआर लगाकर मामले में लीपापोती कर दी।

◆ पुलिस की एफआर को कोर्ट ने किया खारिज



मामले में मृतक अजीत गोंड की मां व वादिनी शैल देवी के अनुसार 29 मई 2017 की रात्रि करीब 11 बजे उसके गांव के प्रधान सुनील राय ने फोन करके सूचना दिया कि उसके लड़के अजीत गोंड को थाना पकड़ी अंतर्गत जेठवार गांव के निर्मला राय के घर गोली लग गई है। इसके बाद जब मौके पर वादिनी पहुंची तो देखा कि थाने के सामने सड़क के पास उसके पुत्र अजीत गोंड व निर्मला राय की पुत्री खुशबू राय की लाश रखी गई थी। मौके पर यह बताया गया कि अजीत ने खुशबू राय की हत्या करके खुद को गोली मार लिया है। मामले में मृतका खुशबू राय के परिवार द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तत्कालीन मंत्री के दबाव में पुलिस ने कार्रवाई किया और मामले में अजीत गोंड द्वारा खुशबू की हत्या के बाद स्वयं द्वारा आत्महत्या करने की कहानी बनाकर पेश किया गया।

लेकिन वादिनी शैल देवी ने हार नहीं मानी और पुलिस के एफआर को कोर्ट में चैलेंज किया और कोर्ट के सामने फरियाद किया कि उसके लड़के ने ना तो खुशबू की हत्या की है और ना ही खुद आत्महत्या किया, बल्कि दोनों के बीच प्रेमप्रसंग के कारण खुशबू राय के परिवार द्वारा दोनों की हत्या कर दी गई है। चूंकि युवती के परिवार के लोग मंत्री के रिश्तेदार है, लिहाजा मामले को मंत्री के दबाव में आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। मामले की गंभीरता को समझते हुए विशेष न्यायाधीश महेश चंद्र वर्मा की अदालत ने अभियुक्तगण प्रिंस राय, निर्मला राय, पिंकी राय, सुग्रीव, रामप्रकाश, उमेश कुमार गोंड व उमेश कुमार को 17 अगस्त को कोर्ट में तलब किया है। वादी पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश तिवारी ने तर्क प्रस्तुत किया था।

## ऐलान : 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में प्राथमिक शिक्षक संघ ने भरी हुंकार

# मांगों को लेकर आंदोलनों के लिए संघ अपनी पूरी ताकत लगा देगा: जितेंद्र सिंह

केटी न्यूज/बलिया

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की संयुक्त कार्य समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में जिले के सभी ब्लाक संसाधन केन्द्रों पर शिक्षकों ने 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना देते हुए विस्तृत चर्चा किया। इस दौरान बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की मांगों के निराकरण के संबंध में विचार-विमर्श के साथ सभी का अभिमत लिया गया। सभी अध्यापकों को संगठन के आंदोलन संबंधित समस्त कार्यक्रमों के बारे में बताया गया।

बीआरसी गड़वार पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि 18 सूत्रीय जिन मांगों को लेकर आगामी आंदोलनों में परिणित करने के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ अपनी पूरी ताकत लगा देगा। गड़वार ब्लॉक अध्यक्ष अनिल पाण्डेय ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। अपनी मांगों को मनवाने में संगठन कहीं भी पीछे नहीं रहेगा। मंत्री टुनटुन प्रसाद ने कहा कि संगठन अध्यापकों के हितों की रक्षा करता आया है और करता रहेगा। कार्यक्रम को करुणानिधि तिवारी, संगीता वर्मा, संजय सिंह, अशोक पाण्डेय आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता वरिष्ठ अध्यापक शम्भू नाथ सिंह व संचालन डॉ भूपेंद्र मिश्रा ने किया।



**18 बिंदुओं पर चर्चा :** हनुमानगंज बीआरसी पर रामजी चौबे की अध्यक्षता एवं अम्बरीश पाण्डेय के संचालन में आयोजित बैठक में पुरानी पेंशन, उपार्जित अवकाश, कैशलेस चिकित्सा, पदोन्नति चयन वेतन/प्रोनत वेतन, सामुहिक बीमा सहित 18 बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष अजय सिंह, मंत्री शक्ति कुमार मिश्रा सहित ब्लाक कार्य समिति के सदस्य बृजेश सिंह, ब्रजेश राय, आशुतोष, अभिषेक, विजय राम, विजय रावत, परमात्मा, संजय धीरज, वेद प्रकाश, शिवानन्द आदि ने संगठन की लड़ाई में तन-मन से सहयोग का भरोसा भी दिया।

**मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन :** प्राथमिक शिक्षक संघ चिलकहर के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने ब्लाक संसाधन केंद्र चिलकहर पर पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेश चिकित्सा की सुविधा, राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, प्रत्येक विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी की कर्मचारी की नियुक्ति समेत 18 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। धरना को ब्लाक अध्यक्ष राधेश्याम सिंह, सुरेश आजाद, अरुण कुमार पाण्डेय, बलवंत सिंह, आशुतोष सिंह, रविकांत सिंह, सर्वेश सिंह, शिव जन्म यादव, अनिल सिंह, अजीत यादव, जावेद अहमद इत्यादि ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता फतेह बहादुर सिंह व संचालन पंकज सिंह ने किया।

**विधायकों को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन देंगे :** प्राथमिक शिक्षक संघ बेरूआरबारी ने बीआरसी पर 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आंदोलन प्रारंभ किया। धरनारत शिक्षकों ने कहा कि यदि मांगों को तत्काल पूरा नहीं किया गया तो 10 से 15 अगस्त तक उत्तर प्रदेश के सभी विधायकों को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन देंगे। 4 सितंबर को बेसिक कार्यालय पर धरना देते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देंगे। उसके बाद भी शासन द्वारा शिक्षकों की मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई गई तो आंदोलन की अगली रणनीति उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ द्वारा बनाई जाएगी।

**ब्लाक कार्य समिति की बैठक :** प्राथमिक शिक्षाक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देशन में बेलहरी ब्लाक कार्य समिति की बैठक गुरुवार को हुई। जिसमें 18 सूत्रीय मांगों को लेकर चरणवद्ध तरीके से आन्दोलन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष विद्या सागर दूबे, विपिन बिहारी तिवारी, अजय मिश्र, डॉ निर्मला गुप्ता संतोष सिंह, सर्वानन्द सिंह, शिव प्रकाश सिंह, कमला सिंह, आशा गुप्ता, अनुज सिंह, अमित वर्मा, राजेश सिंह व बृज किशोर पाठक आदि उपस्थित रहे।

## मुख्तार अंसारी के करीबी विक्की का पेट्रोल पंप होगा कुर्क

**मऊ।** जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मुख्तार अंसारी के करीबी एवं आईएस 191 गैंग के सदस्य जाकिर हुसैन उर्फ विक्की पुत्र सफाउत हुसैन के पेट्रोल पंप को कुर्क करने के आदेश जारी किए। जाकिर हुसैन उर्फ विक्की पुत्र सफाउत हुसैन निवासी मुस्तफाबाद, थाना कोतवाली जिला गाजीपुर कुख्यात माफिया व आई0एस0 191 का सरगना मुख्तार अंसारी की पत्नी आफसा अंसारी से मिलकर अपराध जगत से अर्जित किए गए अवैध धन से पेट्रोल पंप, जो ग्राम चकफरीद, परगना बहरियाबाद तहसील जखनिया जनपद गाजीपुर में स्थित है, को गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कुर्क करने के आदेश जिलाधिकारी ने दिए। एस्सार का यह पेट्रोल पंप वर्तमान समय में नायरा एनर्जी के नाम से है, जो 10000 वर्ग फीट के क्षेत्रफल में स्थापित किया गया है। जिसे कुर्क करने के आदेश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस पेट्रोल पंप की स्थापना अभियुक्त द्वारा अपराध द्वारा अर्जित अवैध धन से किया गया था। अभियुक्त जाकिर हुसैन के खिलाफ थाना दक्षिण टोला में विभिन्न धाराओं में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## एक नजर

### हमेशा अलर्ट मोड पर रहें प्रशासनिक व बाढ़ खंड के अधिकारी, राहत कार्य का लें जायजा

**बलिया।** डीएम रवीन्द्र कुमार ने गुरुवार को गायघाट, गंगापुर, रुद्रपुर और पंचरुखिया में बाढ़ से विस्थापित 66 कटानपीड़ितों के लिए आवंटित भूमि का निरीक्षण करने पहुँचे। उन्होंने एसडीएम अखिलेश यादव से जरूरी जानकारी ली। निर्देश दिया कि वहाँ जो भी व्यवस्था करना है, उसके संबंध में कार्यवाही तेजी से किया जाए। इस दौरान वहां स्परों की मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया। ज़िलाधिकारी ने एसडीएम को निर्देश दिया कि बाढ़ खंड के अधिकारियों से लगातार संपर्क में रहें। गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सभी प्रशासनिक व बाढ़ खंड के अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें। ठोकरों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भ्रमण कर हर गाँव की स्थिति के बारे में जानकारी लें। बाढ़ की स्थिति के दृष्टिगत हर प्रकार की सहयोग सुविधा के प्रति पहले से ही तैयारी पूरी होनी चाहिए। ज़िलाधिकारी ने गायघाट में भी रुककर नदी का जलस्तर मापने वाले गेज की स्थिति का जायजा लिया। वहाँ तैनात कर्मचारी से जलस्तर आदि के बारे में जानकारी ली।



### स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा को लेकर किया प्रचार-प्रसार

**मऊ।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दृष्टिगत लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल मऊ के बच्चों के द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों गाजीपुर तिराहा, भीटी, फाटक, आजमगढ़ मोड़ पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया तथा प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए सामान्य वाहनों के बिना टैक्स, बिना फिटनेस, ड्रंकन ड्राइविंग तथा ओवर स्पीडिंग के विरूद्ध चेकिंग के साथ स्कूली वाहनों को भी चेक किया गया तथा उक्त अभियोगों में चालान की कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुहेल अहमद एवं यात्रीकर अधिकारी अरविन्द कुमार जैशल , प्रभारी यातायात पुलिस व पदाधिकारीगण तथा प्रधान सहायक दयानिधि उपाध्याय एवं प्रवर्तन सिपाहियों के साथ परिवहन विभाग के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




### डंपर की चपेट में आने से युवक की मौत

**बलिया।** फेफना-नरहीं मार्ग स्थित चितबड़ागांव पुल के पास बीती रात डंपर की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। चितबडागांव कस्बे के वार्ड नंबर 4 मालवीय नगर निवासी अमित कुमार (32) वर्ष पुत्र अशोक राम बुधवार की रात करीब 9.15 बजे बाइक से घर लौट रहे थे। अभी वह फेफना-नरही मार्ग पर स्थित चितबड़ागांव पुल के पास पहुंचे थे, तभी डंपर की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के उपरांत अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। उधर घटना के बाद मृतक के घर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## फेसबुक पर स्टेटस लगाने वाला गिरफ्तार

**बलिया।** गड़वार थाना पुलिस ने अवैध तमन्चा व दो जिंदा कारतूस के साथ फेसबुक पर स्टेटस लगाने वाले अभियुक्त को मेउली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त का नाम अजीत कुमार राजभर पुत्र हरेन्द्र राजभर निवासी शिवपुरी वार्ड नं– तीन रतसड़ कलां हैं। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धारा में न्यायालय चालान कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक गड़वार आरके सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी कि तभी मुखबिर की सूचना के आधार पर कुछ दिन पूर्व फेसबुक पर अवैध तमन्चा के साथ स्टेटस लगाने वाले अभियुक्त अजीत कुमार राजभर पुत्र हरेन्द्र राजभर निवासी शिवपुरी वार्ड नं– 03 रतसड़ कलां को मेउली मोड स्थित बांस की कोठ के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसकी जामा तलाशी ली गयी तो उसके पास से एक अवैध तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया है।

# बिजली कटौती के खिलाफ जिलाधिकरी से मिले एआईएमआईएम के प्रदेश सचिव

केटी न्यूज/बलिया

ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पार्टी के प्रदेश सचिव मोहम्मद शमीम खान व जिला अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिक्र किया कि शुक्रवार को जुमें के नमाज के दौरान हमेशा बिजली काट दी जाती है। इस पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मौके से ही बिजली विभाग के एक्सईएन को फोन मिलाया और निर्देश दिया कि आगे से मेरे पास शिकायत नहीं आनी चाहिए, नमाज के वक्त हर हाल में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए।




प्रदेश सचिव शमीम खान ने जिलाधिकारी से गुजारिश किया कि जुम्मे के दिन 12 से 2 बजे तक सभी मस्जिदों में नमाज होती है,बडी तादाद में लोग मस्जिद में नमाज पढ़ने जाते हैं, बिजली कटौती की वजह से पानी, हवा और रोशनी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। लोगों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है,हम सब की मांग है कि इस दौरान बिजली की कटौती ना की जाए। वहीं जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने तुरंत मामले की गंभीरता को समझते हुए बिजली विभाग के एक्सईएन को फोन मिलाकर निर्देश दिया कि दुबारा मेरे पास शिकायत नहीं आनी चाहिए। मौके पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, मिडिया प्रभारी अनीस अहमद, जिला संयुक्त सचिव शमशीर अहमद, नियाज अहमद, जैनुल बसर, दीपक यादव,मोहम्मद आसिफ, त्रिभुवन राम, छोटन राजभर, राजकुमार राजभर, सिराजउल हक, आसिफ अंसारी, तबरेज आलम इत्यादि मौजूद रहे।

## प्रोजेक्ट अलंकार योजना को लेकर डीएम ने की जनपद स्तरीय समिति की बैठक

# 75 वर्ष पुराने जर्जर विद्यालयों का होगा जीर्णोंद्धार

केटी न्यूज/मऊ

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के जनपद स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अंतर्गत मान्यता तिथि से 75 वर्ष पुराने जर्जर विद्यालयों में जीर्णोंद्धार, मरम्मत, पुनर्निर्माण, निर्माण एवं अवस्थापना सुविधाओं हेतु कार्य किया जाना है। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद में कुल ऐसे 11 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय हैं, जिनकी मान्यता 75 वर्ष पूर्व की है तथा जिनमें मानक के अनुसार निर्धारित न्यूनतम 300 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 300 से 500 तक पंजीकृत छात्रों पर 25 लाख, 501 से 1000 तक पंजीकृत छात्रों पर 50 लाख, 1001 से 1500 पंजीकृत छात्रों पर 75 लाख, 1501 से 2000 तक पंजीकृत छात्रों पर एक करोड़ तथा 2001 से ऊपर पंजीकृत छात्र संख्या वाले विद्यालयों हेतु कुल 1.25 करोड़ रुपए की अधिकतम धनराशि निर्धारित है। उन्होंने बताया कि विशेष परिस्थितियों में जिला स्तरीय समिति की संस्तुति पर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) के अनुमोदन के उपरांत 75 वर्ष से कम अवधि के ऐसे विद्यालय जिनके भवन अत्यधिक जर्जर अवस्था में हैं, उनको भी सम्मिलित किया जा सकेगा। जनपद में कुल ऐसे 11 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों से भी प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत कार्य कराए जाने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्होंने जिनकी मान्यता 75 वर्ष से कम है। उन्होंने बताया कि शासन एवं संस्था के मध्य सहयोगी अनुदान राशि का अनुपात 75:25 का होगा।



बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर भी शीघ्र ही टास्क फोर्स का गठन करने, जिसमें उप जिलाधिकारी, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग, संबंधित तहसील के तहसीलदार, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय के प्रधानाचार्य सम्मिलित हैं, के द्वारा विद्यालय द्वारा प्रस्तावित कार्यों का सर्वे करने एवं नामित कार्यदाई संस्था द्वारा दिए गए मदवार आगणन का परीक्षण कर जांच आख्या जनपद स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।




### 8 अगस्त से होगा जिले में शस्त्रों का भौतिक सत्यापन, जारी हुई सूची

# जिले के मृत लाइसेंस धारकों की सूची उपलब्ध कराएं अधिकारी: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिला दंडाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल ने बक्सर जिला के शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का भौतिक रूप से सत्यापन के लिए दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी है। 8 अगस्त से शस्त्रों का भौतिक सत्यापन शुरू होगा। शस्त्र नियमावली 2016 के नियम 112 (1) (ख) एवं 112 (2) के तहत बक्सर जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की शस्त्र अनुज्ञप्तियों पर धारित शस्त्रों एवं कारतूसों के भौतिक सत्यापन के लिए थानावार दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करते हुए तिथि निर्धारित किया गया है। भौतिक सत्यापन 8 से 10 अगस्त तक निर्धारित किया गया है।

जानकारी के अनुसार बक्सर मुफस्सिल के लिए अंचलाधिकारी चौसा, बक्सर औद्योगिक के लिए अंचलाधिकारी बक्सर, बक्सर नगर के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी बक्सर, धनसोई के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी चौसा, राजपुर के लिए अंचलाधिकारी राजपुर, इटाढ़ी के लिए अंचलाधिकारी इटाढ़ी, ब्रह्मपुर के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी ब्रह्मपुर, बगेन गोला के लिए अंचलाधिकारी ब्रह्मपुर, सिमरी के लिए अंचलाधिकारी सिमरी, डुमरांव के लिए अंचलाधिकारी डुमरांव, कृष्णाब्रह्म के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी चक्की, कोरानसराय के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी चौगाई, नावानगर के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी नावानगर, सिकरौल के लिए अंचलाधिकारी नावानगर, मुरार के लिए अंचलाधिकारी चौगाई एवं नैनीजोर के लिए अंचलाधिकारी चक्की को बतौर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी प्रतिनियुक्ति दण्डाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्ष निर्धारित तिथियों को संबंधित थाना पर उपस्थित होकर सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करेंगे। डीएम ने थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा है कि शस्त्र सत्यापन 70 वर्ष से अधिक उम्र के अनुज्ञप्तिधारियों की शारीरिक स्थिति का अवलोकन भी कर लेंगे कि वे शस्त्र संचालन के योग्य है अथवा नहीं। साथ ही मृत अनुज्ञप्तिधारियों की सूची भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

**शस्त्र संचालन के योग्य नहीं होने वाले लाइसेंस धारकों की बनाए सूची :** प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्ष शस्त्र सत्यापन हेतु अनुज्ञप्तिधारी के उपस्थित होने पर 70 वर्ष से अधिक उम्र के अनुज्ञप्तिधारियों की शारीरिक स्थिति का अवलोकन भी कर लेगे की वे शस्त्र संचालन के योग्य है अथवा नहीं का स्पष्ट उल्लेख प्रतिवेदन के अभ्युक्ति कॉलम में अंकित करना सुनिश्चित करेंगे। जिले में संधारित शस्त्र पंजी में अंकित प्रविष्टियों के आधार पर थानावार शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की सूची संबंधित थाना को पूर्व से उपलब्ध करायी जा चुकी है। सूची में अंकित अनुज्ञप्तिधारियों के अतिरिक्त भी किसी व्यक्ति द्वारा यदि शस्त्र धारण किया जाता हो और उसकी प्रविष्टि संलग्न सूची में नही हो तो वैसे अनुज्ञप्तिधारी के संबंध में भी संलग्न प्रपत्र में सूचना उपलब्ध करायी जायेगी तथा सत्यापन प्रतिवेदन में यह अंकित किया जायेगा कि संबंधित का नाम संलग्न सूची एवं थाना अभिलेख में नहीं है।




## होटल व्यवसायी ने जिप सदस्य की मां को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव के चर्चित होटल व्यवसायी व जदयू के प्रांतीय नेता विनोद राय गुरूवार को चौगाईं पहुंच जिप सदस्य अरविंद प्रताप शाही उर्फ बंटी शाही की दिवंगत माता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

बता दें कि जिप सदस्य की मां शैल देवी का निधन कुछ दिनों पहले हो गया था। गुरूवार को उनका श्राद्धकर्म था, जिसमें शामिल होने विनोद राय चौगाईं पहुंचे थे। उन्होंने जिप सदस्य को ढांढस बंधाया और कहां कि दुःख की घड़ी में मैं आपके साथ हूं। बता दें कि श्री राय डुमरांव के सबसे बड़े होटल व्यवसायी के साथ ही जदयू के प्रांतीय नेता हैं। वे हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते रहे है। वही कोरोना काल में पीड़ित मानवता की सेवा कर उन्होंने खासी ख्याति अर्जित की थी। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद उन्होंन कहा कि मां का स्थान कोई नहीं ले सकता है। इस दौरान उनके कई समर्थक भी उनके साथ थे।

## मणिपुर की घटना के खिलाफ निकाला आक्रोश मार्च

**बक्सर।** गोंडवाना स्टुडेंट्स यूनियन इंडिया के बिहार प्रदेश इकाई के कार्यकताओं ने गुरूवार को मणिपुर की घटना के खिलाफ शहर में आक्रोश मार्च निकाला। यह आक्रोश मार्च मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ हुए अमानवीय घटना में दोषी लोगों को फांसी देने तथा मणिपुर के आदिवासी समुदाय क सुरक्षा मुहैया कराए जाने की मांग के समर्थन में निकाला गया था। मार्च वीर कुंवर सिंह चौक से अंबेडकर चौक तक किया। इस दौरान कार्यकताओं ने मणिपुर सरकार विरोधी नारे भी लगाए। जिलाध्यक्ष शंकर गोंड ने कहा कि मणिपुर में तीन महीना पहले आदिवासी महिलाओं को सामूहिक दुष्कर्म करके नग्न अवस्था में सरेआम घुमाया गया। इस तरह की घटना पूरे देश के लिए शर्मनाक है। हजारों कुकी आदिवासी परिवारों के लोगों का घर जला कर मार दिया गया। केंद्र सरकार जहां बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओं का नारा दे रही है, वही हमारी बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। आजादी के 75 साल बाद भी, ना देश सुरक्षित है, ना देश की महिलाएं सुरक्षित है, ना देश की आम जनता। मणिपुर की स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी है। लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार चुपचाप नजारा देख रही है। आक्रोश मार्च में प्रदेश सचिव धनु गोंड, प्रदेश कोषाध्यक्ष नीतीश गोंड, प्रदेश प्रवक्ता ब्रजेश गोंड, जिला सचिव मुन्ना गोंड, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गोंड, इटाढ़ी प्रखंड अध्यक्ष, विश्वामित्र गोंड समेत अन्य शामिल रहे।






## यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सेंसटाइजेशन वर्कशाप का आयोजन

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में हो रहे प्रयासों में करें सहयोग : सीडीओ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में जिला स्तरीय सेंसटाइजेशन वर्कशाप का शुभारंभ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने द्वीप प्रज्वलित कर रायफल क्लब सभागार से किया। कार्यशाला के शुभारंभ के मौके पर व्यापार मंडल, उद्योग बंधु, एएसआई की कम्पनियां, पेट्रोल पम्प संगठन व श्रमिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर बनाने के संबंध में व्यापारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभिन्न सेक्टर्स का सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) आंकलन करने के लिए प्रदेश में विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण संचालित हैं।

सर्वेक्षणों से प्रदेश में संचालित विकासोन्मुख योजनाओं में हो रहे निवेश के दृष्टिगत विनिर्माण, व्यापार एवं अन्य सेवा क्षेत्र में परिलक्षित हो रहे विकास की वास्तविक स्थिति के अनुरूप आंकड़े संग्रहित हो रहे हैं, जो उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान की दिशा में भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान हैं। कार्यशाला और जागरूकता अभियानों का आयोजन करके प्रदेश में राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार और अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा कराए जा रहे इन सर्वेक्षणों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कदम उठाना अति आवश्यक है। इन कार्यशालाओं में हितधारक अर्थात परिवार, कारखाने, दुकानें, छोटे व्यवसाय, स्वास्थ्य देखभाल इकाईयां, क्लब, शिक्षा संस्थान, कानूनी और परिवहन संगठन आदि को यह आश्वस्त करने की आवश्यकता है कि उनके द्वारा साझा की गई जानकारी का उपयोग उनकी व्यक्तिगत पहचान उजागर किए बिना केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर कराए जाने वाले सर्वेक्षण कार्यों में वांछित आंकडे उपलब्ध कराने के सहयोग करने की अपील की।

**जीएसटी का नोटिस छोटे-छोटे व्यापरियों को न भेजा जाएं :** जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी चन्द्रशेखर प्रसाद ने कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कार्यशाला में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि सर्वेक्षण से संबंधित सांख्यकीय आंकड़ों की सूचना ससमय उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि जीएसटी का नोटिस छोटे-छोटे व्यापरियों को न भेजा जाएं। जो व्यापारी जीएसटी के अन्तर्गत आते हैं, केवल उसे ही नोटिस भेजा जाए।

### सर्वेक्षण के डाटा रखे जाते हैं गोपनीय

वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय एनएसओ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कराए जा रहे विभिन्न सेक्टर्स का जीवीए आंकलन करने के लिए प्रदेश में विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण संचालित हैं। जिनके आंकड़ों के संग्रह से सम्बन्धित बारीकियों से अवगत कराया गया। साथ ही व्यापारियों से सहयोग की अपील की गई। जिससे कि प्रदेश की जीवीए का सही आंकलन किया जा सके। रामनारायन उप निदेशक वाराणसी मंडल ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि सर्वेक्षणों में जो डेटा आपके द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। उसको पूर्णत: गोपनीय रखा जाता है। उन्होंने व्यापारी संगठन के पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने सुझाव लिखित रूप से जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में भी उपलब्ध करा सकते हैं। जिनको संकलित कर राज्य सरकार को प्रेषित किया जा सके।

## दुष्कर्म का आरोपी उतरौली नहर से गिरफ्तार

गाजीपुर। दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मामले में फरार चल रहे वांछित आरोपी को पुलिस ने गुरुवार की सुबह उतरौली नहर से मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। उससे ?थाने लाकर पूछताछ की गई। इसके बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। कोर्ट में सुनवाई के बाद आरोपों की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी को चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेंज दिया। पुलिस ने एक दिन पूर्व ही छात्रा को सकुशल बरामद कर कार्रवाई के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। मालूम हो कि रेवतीपुर थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवक अपने स्वाजातीय बगल की ही एक लड़की को करीब डेढ़ माह पूर्व शादी का झांसा दे उसे भगा ले गया था। परिजनों ने पहले खुद उसकी तलाश शुरू की। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया था। ग्रामीणों के मुताबिक किशोरी बीए प्रथम वर्ष, जबकि युवक बीए तृतीय वर्ष का छात्र था।

## मोहर्रम के जुलूस में नहीं होगा शस्त्र प्रदर्शनः डीएम

**केटी न्यूज/चंदौली**

पुलिस लाइन स्थित सभागार में गुरुवार को मोहर्रम के मद्देनजर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जनपद के समस्त थाना क्षेत्र के ताजियादारों/धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने कहा कि मोहर्रम को शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाएं, ताकि किसी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

अधिकारियों ने जुलूस के दौरान आने वाली समस्याओं को सुना और सुझाव मांगे। मार्ग की सफाई व बिजली तारों को ठीक कराने आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। साथ ही हिदायत दी गई कि जुलूस में शस्त्रों के प्रदर्शन को पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया है। डीजे/माइक/लाउडस्पीकर को निर्धारित डेसीबल तक ही बजाने की अनुमति दी गई है। ताजियादारों से किसी नए मार्ग से ताजिया को न ले जाने व किसी नई परंपरा की शुरूआत न करने का निर्देश दिया। कहा कि सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी से आपस में मिलजुल कर आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ अपना त्योहार मनाने के लिए अपील की गई। एसपी अंकुर अग्रवाल ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है जो भी व्यक्ति आपत्तिजनक और भ्रामक पोस्ट करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारियों को समस्याओं के अविलंब समाधान व ताजिया मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई कराते हुए त्योहार को सकुशल शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का निर्देश दिया गया।




## आक्रोश : रेगुलेटर उठाकर किसानों ने खेतों में पानी छोड़ा, रोस्टर के हिसाब से पानी न देने पर किया प्रदर्शन

**केटी न्यूज/चंदौली**

धानापुर रजवाहा में एक सप्ताह से पानी नहीं छोड़े जाने से आक्रोशित किसानों ने गुरुवार को अलीनगर स्थित हेड पर पहुंच कर रेगुलेटर उठा कर पानी खेतों की ओर छुड़वा दिया । किसानों ने आरोप लगाया कि रोस्टर के हिसाब से भी विभागीय अधिकारियों द्वारा पानी नहीं दिया जा रहा है। इससे आक्रोशित किसानों ने जमकर हंगामा व प्रदर्शन भी किया।

धानापुर रजवाहा में एक सप्ताह से पानी नहीं छोड़े जाने से दर्जनों माइनरों से संबद्ध सैकड़ों गांव के किसानों की रोपाई प्रभावित हो रही है। जिसकी शिकायत किसानों ने पिछले दिनों जिलाधिकारी से मिलकर किया था। उन्होंनें आश्वासन दिया था कि एक-एक सप्ताह रोस्टर के हिसाब से 27 जुलाई को रजवाहा में पानी छोड़ा जाएगा। बावजूद इसके पानी नहीं छोड़ा गया। इससे आक्रोशित किसानों ने गुरुवार को अलीनगर हेड पर पहुंचकर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया ।वहीं विभागीय अधिकारियों से टेलीफोन पर वार्ता कर पानी खुलवाने का काम किया।किसानों ने आरोप



लगाया कि विभागीय अधिकारियों की मनमानी के कारण रोस्टर के हिसाब से भी धानापुर रजवाहा में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। जिससे हम किसानों की रोपाई भी प्रभावित हो रही है। चेताया कि इसके बावजूद भी अगर 140 क्यूसेक पानी नहीं छोड़ा गया तो हम लोग आगे भी पानी नहीं जाने देंगे। मौके पर किसान संतोष मिश्रा, सूबेदार सिंह, बुद्धन सिंह, राम अवतार यादव, अरविंद यादव बबलू, भानु प्रकाश यादव, संतोष यादव, सुनील यादव, बृजेश तिवारी, राकेश सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

## 13वें दिन भी जारी रहा धरना अधिवक्ताओं ने जताया विरोध

**केटी न्यूज/चंदौली**

संयुक्त बार एसोसिएशन के तत्वावधान में न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं का धरना गुरुवार को 13वें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर का भ्रमण कर सभा की।

किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र यादव ने अपने समर्थकों के साथ अधिवक्ताओं के आंदोलन का समर्थन किया। कहा कि जरूरत पड़ी तो आखिरी लड़ाई तक साथ रहेंगे। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक व राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि चंदौली मेरी मातृ भूमि व कर्म भूमि है। यहां का विकास वर्तमान सरकार की ओर से अवरोधित किया गया है। आज तक एआरटीओ आफिस, सेलटैक्स, इनकम टैक्स सहित अन्य जिला स्तरीय कार्यालय मुख्यालय पर स्थापित नहीं हो सका।

वहीं, मामले पर कांग्रेस नेत्री मधु राय ने कहा कि पंडित कमलापति त्रिपाठी के बाद किसी के कार्यों के कारण चंदौली का विकास नहीं हो पाया। जो बेहद निराशाजनक मुद्दा है समाजसेवी शमीम मिल्की, इंद्रजीत शर्मा, अधिवक्ता झन्मेजय सिंह, राजबहादुर सिंह आदि ने सभा को संबोधित किया। धरने में अनिल सिंह, शमसुद्दीन, योगेंद्र यादव, संतोष पाठक सहित सैकड़ों अधिवक्ता शामिल थे।

## ट्रांसफार्मर न बदले जाने से ग्रामीणों में गुस्सा, खेतों में सूख रही फसल

**गाजीपुर।** जखनियां ब्लॉक अंतर्गत अलीपुर मंदरा गांव में 100 केवी का ट्रांसफार्मर पिछले दस दिनों से जला पड़ा है, लेकिन अब तक न बदले जाने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। गांव से दर्जनों की संख्या में लोग विद्युत उपकेंद्र जखनियां पहुंच कर तत्काल ट्रांसफार्मर बदलने की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर जेई प्रेमचंद मौके पर जाकर ग्रामीणों को समझाया और बताया कि जिले में दो वर्कशॉप है, जहां ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं है। भीषड़ गर्मी और कम बरसात की वजह से इस समय ज्यादा ट्रांसफार्मर जल रहे हैं। गांव का ट्रांसफार्मर जलने से करीब 20 ट्यूबवेल बंद पड़े हैं। जिससे किसानों की धान की फसलें सूख रही हैं और पूरा गांव अंधेरा में डूबा हुआ है। गांव के किसानों का कहना है कि आंख के सामने धान की फसलें सूख रही हैं। बरसात भी नहीं हो रही है और विद्युत विभाग का हाल यह है कि मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे हैं।

## चिंतनीय: बारिश न होने से सूखा की स्थिति बिजली कटौती किसानों को पड़ रही भारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**


सावन के महीने में फुहार व रिमझिम बारिश की जगह सड़कों पर धूल उड़ रही है। तीखी धूप व उमस भरी गर्मी ने जीना हराम कर दिया है। पहली मानसून के दस्तक देने व बारिश होने के बाद खेतों में लगाई गई धान की फसल को लेकर किसान चिंतित है। पिछले दस दिनों से किसान आसमान की तरफ निहार रहे हैं और बारिश के लिए टकटकी लगाए हुए हैं। लेकिन एक तरफ इंद्रदेव नाराज हैं, तो दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति न होने से खेती चौपट हो रही है। इसी में कई इलाकों में लो वोल्टेज व जर्जर तार समस्या बने हुए हैं। इससे विद्युत व्यवस्था चर्मरा गई है।

बरसात न होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है।



किसानों के माने तो करीब दस दिन पूर्व अच्छी बारिश हुई थी। अब पूरी तरह से सूखे की स्थिति ताजा हो गई है। ज्यादातर खेतों में दरार पड़ गई है। इलाके में अब भी कहीं -कहीं किसान अरहर तथा बाजरा की बुवाई कर रहे हैं। लेकिन खेत की मिट्टी में नमी नहीं है। इससे सारी मेहनत के बाद भी बीज के अंकुरण लेने में समस्या हो रही है। ऐसे में किसान खेतों की सिंचाई कर फसलों को बचाने में लगे हैं। सब्जी की खेती और पशु चारे की भी यही स्थिति है। बारिश न होने के कारण यह खेत में सूख रहे हैं। जिसमें बिजली की आपूर्ति लो वोल्टेज होने से नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। इससे फसलों को बचाना बहुत मुश्किल हो गया है। अधिकतर किसान मिर्च, टमाटर, गोभी की खेती के लिए नर्सरी तैयार करने में लगे हैं। लेकिन वह भीषण गर्मी से नर्सरी नष्ट होने का खतरा पैदा हो गया है।

इस संबंध में इलाके के किसानों ने बताया कि सरकार किसानों को सुविधा देने की बात तो कह रही है, लेकिन नहर, नलकूप और बिजली दुर्व्यवस्था के कारण किसान सूखे की मार झेल रहे हैं। एक तरफ बारिश न होने से धान की फसल को बचाना मुश्किल है, वहीं बिजली कटौती व लो वोल्टेज से किसान के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गई है।




## सरकारी विद्यालयों में छात्रों के खाने की जांच करने पहुंची टीम, तहरी के पांच नमूने लिए

# सहायक आयुक्त की देखरेख में चला सर्विलांस अभियान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) आरसी पांडेय की देखरेख में विशेष सर्विलांस अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने विभिन्न विद्यालयों से कुल पांच तहरी का नमूना संग्रह किया गया। बता दें कि जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय विशेश्वरगंज से टीम ने तहरी का सर्विलांस नमूना लिया। विद्यालय पर पहुंची टीम ने 200 विद्यार्थी, अध्यापकगण और रसोइयों को खाद्य पदार्थ में मिलावट को लेकर जागरूक किया।

इसी क्रम में कम्पोजिट विद्यालय बरहपुर से 01 तहरी का सर्विलांस नमूना लिया गया। यहां भी 319



● सग्रहित नमूनों को खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया

विद्यार्थी, अध्यापकगण और रसोइयों को खाद्य पदार्थों में मिलावट के बारे में जानकारी दी। उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर बन्तरा से भी एक तहरी का सर्विलांस नमूना टीम ने लिया। 156 विद्यार्थी, अध्यापकगण और रसोइयों को खाद्य पदार्थ में होने मिलावट के खतरे व बच्चों की सेहत को लेकर जागरूक किया। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय अरसदपुर जंगीपुर से एक तहरी का सर्विलांस नमूना लिया गया। यहां भी 80 विद्यार्थी, अध्यापकगण और रसोइयों को मिलावट के बारे में बताया। अंत में प्राथमिक विद्यालय हरिश्चन्द्रपुर रेवतीपुर से एक तहरी का सर्विलांस नमूना लेने के साथ ही वहां मौजूद 35 विद्यार्थी, शिक्षकगण और रसोइयों को खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर जागरूक किया गया। सग्रहित नमूनें खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश को प्रेषित किए जाएंगे। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने और मिलावट मिलने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों में नमूना संग्रह की कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों में अवधेश कुमार, गोपाल चंद, विरेन्द्र यादव एवं समला प्रसाद यादव द्वारा की गई।